## सार-समाचार

### श्री गणगौर मेले की तैयारियां शुरू

**सूरौठ**, (निसं)। तहसील में ऐतिहासिक श्री गणगौर जी मेले के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले के सफल आयोजन के लिए श्री गणगौर जी मेला कमेटी ने नगरपालिका प्रशासन से विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग की मांग की है। मेला कमेटी द्वारा अधिशासी अधिकारी, रीना खंडेलवाल नगरपालिका सूरौठ को दिए गए पत्र में बताया गया कि सूरौठ में रियासतकाल से वर्ष 1744 से गणगौर जी का मेला परंपरागत रूप से आयोजित होता आ रहा है। इस वर्ष यह मेला 20 मार्च से 23 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कमेटी के अनुसार मेले के सुचारु संचालन के लिए हाल ही में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मेला व्यवस्था की जिम्मेदारी पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामावतार शर्मा पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, विश्राम मीणा, टीपू विजयवर्गीय, रामचरण, व वेदप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका को सौंपने का निर्णय लिया गया। मेला कमेटी ने नगरपालिका से मेले के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं कराने का अनुरोध किया है। इनमें मुख्य रूप से सफाई एवं रास्तों की मरम्मत, रोशनी की व्यवस्था व अल्टीनेटर, साउंड सिस्टम व जनरेटर, टेंट-पंडाल, कुर्सी, टेबल सहित अन्य सामठाी, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा चार दिन के लिए छह होमगार्ड/कर्मचारियों की तैनाती शामिल हैं, कमेटी का कहना है कि इन व्यवस्थाओं से मेले की प्राचीन परंपरा को बेहतर तरीके से निभाया जा सकेगा और क्षेत्र की सांस्कृतिक व सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलेगी। मेला कमेटी ने नगरपालिका प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि इससे मेले का आयोजन शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा।

### मोहित चतुर्वेदी बने वॉलीबॉल कोच

**करौली**, (निसं)। करौली निवासी मोहित चतुर्वेदी ने अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के मानकों पर आधारित लेवल-1 अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जयपुर में वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक वॉलीबॉल की तकनीक, प्रशिक्षण पद्धितयों और खेल की बारीकियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कोर्स में अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के नामित तथा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच जी.ई. श्रीधरन ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण और परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद सभी प्रतिभागियों को लेवल-1 प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाणपत्र एशिया, अफ्रीका, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और उत्तर अमेरिका सहित दुनिया के पांच महाद्वीपों के 220 राष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघों में मान्य है। मोहित की इस उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने खुशी जताई है।

### दांडी यात्रा की वर्षगांठ पर शांति एवं अहिंसा मार्च का आयोजन

**करौली**, (निसं)। महात्मा गांधी की ऐतिहासिक दांडी यात्रा की वर्षगांठ के अवसर पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति, जिला करौली द्वारा जिला मुख्यालय पर शांति एवं अहिंसा मार्च पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गांधीजी के आदर्शों एवं विचारों पर चलने वाले अनुयायी भाग लेंगे। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला समन्वयक प्रेमसिंह माली ने बताया कि कार्यक्रम प्रात: 8 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल से प्रारंभ होकर गांधी चौक तक निकाला जाएगा। पदयात्रा का समापन गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विश्व शांति एवं अहिंसा का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस पदयात्रा में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्काउट-गाइड, वरिष्ठजन, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के पदाधिकारी, छात्र संगठन सहित गांधी विचारधारा से जुड़े अनेक लोग भाग लेंगे।

### गर्भवती महिलाओं की जांच की

**करौली**, (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत जिले की विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने सीएचसी कुडगांव और पीएचसी चैनपुर बर्रिया का निरीक्षण कर अभियान के तहत दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लंबाई, एचआईवी तथा सिफलिस सहित विभिन्न प्रकार की जांच की गई। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके उपचार की व्यवस्था की गई तथा उन्हें पौष्टिक आहार लेने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष पांडे तथा जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी लखन सिंह लोधा भी मौजूद रहे।

### ममता शर्मा को पुराना अस्पताल में भेजा

**करौली**, (निसं)। यहां के सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल की बिगड़ती व्यवस्थाओं को लेकर 9 नर्सिंग अधिकारियों को इधर-उधर लगाया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकेश मीणा ने आदेशों में खुलासा करते हुए बताया कि स्वयं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं उप नियंत्रक के अस्पताल भ्रमण के दौरान मिली कमीयो के सुधार के लिए ममता शर्मा को डीसी 3 से पुराना अस्पताल प्रभारी फीमेल मेडिकल वार्ड रामलाल मीणा को फीमेल सर्जिकल वार्ड से पुराना अस्पताल मेल मेडिकल वार्ड मानसिंह मीणा को मेल मेडिकल वार्ड से नया अस्पताल मेल मेडिकल वार्ड यशपाल मीणा को मेल मेडिकल वार्ड से नया अस्पताल मेल मेडिकल वार्ड शिव कैलाश मीणा को मेल मेडिकल वार्ड से पुराना अस्पताल मेल मेडिकल वार्ड मुकुट बिहारी शर्मा को मेल मेडिकल वार्ड से पुराना अस्पताल मेल मेडिकल वार्ड मुकेश शर्मा को फीमेल मेडिकल वार्ड से प्रभारी डे केयर बार्ड दिलीप शर्मा को डीडीसी 2 केयर वार्ड से डे केयर वार्ड एवं ताराचंद शर्मा को मेल सर्जिकल से डीडीसी 3 पर लगाया गया है।

### खेतों में मिले नवजात बालक का शिशु गृह में आने पर किया स्वागत

**करौली**, (निसं)। टोडाभीम तहसील के गांव दोरावली के एक खेत में लावारिस अवस्था में मिला जिसे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा के समक्ष पेश किया गया बाल कल्याण समिति द्वारा उक्त नवजात को शिशु गृह में प्रवेशित कराया गया शिशु गृह द्वारा उक्त नवजात को राजकीय सामान्य चिकित्सालय करौली में भर्ती कराया गया। जिसे चिकित्सकों द्वारा पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया।इस अवसर पर वॉर्ड प्रभारी डॉक्टर महेंद्र मीणा नर्सिंग स्टाफ विष्णु गुप्ता, अनिल शर्मा एवं समस्त स्टाफ द्वारा नवजात शिशु को गुलाब के फूल डालकर चिकित्सालय से रवाना किया। इसके उपरांत नवजात शिशु को शिशु गृह में बड़ी धूमधाम के साथ लाया गया शिशु को शिशु गृह में लाने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी ने बालक को टीका लगाकर एवं फूल बरसा कर स्वागत किया ।इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा सदस्य फजल अहमद दिलीप कुमार मीणा, फरीदा शाह, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक पवन गुप्ता शिशु ठाह के अधीक्षक आशीष बंसल, शिशु गृह के मैनेजर प्रवीण गुर्जर, सविता शर्मा, पायल शर्मा, रूबी, लकी बाई, समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### डा धर्मेन्द्र बने प्रांतीय महासचिव

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भारत विकास परिषद ने सत्र 2026-27 के लिए अपने प्रांतीय पदाधिकारियों की घोषणा की है। केंद्रीय समिति के निर्णय के अनुसार, सवाई माधोपुर के हेमंत गर्ग को प्रांतीय अध्यक्ष, गंगापुर सिटी के डॉ. धर्मेंद्र मित्तल को महासचिव और दौसा के सीए राहुल खंडेलवाल को वित्त सचिव मनोनीत किया गया है। यह जानकारी परिषद के वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा और गंगापुर सिटी शाखा के सचिव रामदयाल मीना ने दी। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित प्रबुद्ध नागरिकों का एक संगठन है। यह संगठनात्मक मजबूती के साथ सेवा और संस्कार के विभिन्न कार्यो के माध्यम से समाज को लाभ पहुंचाता है। परिषद शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता जैसे क्षेत्रों में निरंतर गतिविधियां संचालित करती है। इसका उद्देश्य समाज को सक्षम और जागरूक बनाना है। नवीन प्रांतीय पदाधिकारियों के मनोनयन पर परिषद की गंगापुर सिटी शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल, सचिव रामदयाल मीना, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव, संरक्षक शिवनारायण गुप्ता, अ्वेदप्रकाश शर्मा, रमेशचंद गुप्ता पट्टी वाले और राहुल गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'सेना केवल पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च मार्ग है'

■ कर्नल आलोक रंजन ने एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

**भरतपुर**, (निसं)। राजकीय महारानी श्री जया महाविद्यालय में सेना भर्ती कार्यालय, एआरओ, अलवर द्वारा आयोजित विशेष कैरियर मार्गदर्शन सत्र में भरतपुर के युवाओं को भारतीय सेना की आधुनिक भर्ती प्रक्रिया से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. शिल्पी दीप माथुर ने की।

प्राचार्य प्रो. डॉ. शिल्पी दीप माथुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सेना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च मार्ग है। उन्होंने युवाओं से मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनने का आ ान किया। मुख्य वक्ता कर्नल आलोक रंजन ने सेना की विभिन्न शाखाओं और आधुनिक भर्ती प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 10वीं व 12वीं पास सामान्य छात्र भी अग्निवीर (जीडी, क्लर्क, ट्रेड्समैन) के रूप में भर्ती हो सकते हैं। कर्नल ने विशेष जानकारी दी कि आईटीआई या डिप्लोमा धारक युवाओं को 'अग्निवीर तकनीकी' भर्ती में 30 से 50 अंकों का बोनस मिलता है। इसके अलावा स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए सीडीएस, एफकेट और एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट धारकों के लिए बिना लिखित परीक्षा के माध्यम से अधिकारी बनने के अवसरों के बारे में बताया। इसके साथ ही एजुकेशन हवलदार और धर्म शिक्षकों की भर्ती की बारीकियां भी समझाईं। कर्नल रंजन ने जोर दिया कि सेना की भर्ती पूरी तरह पारदर्शी है और उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने सबसे पहले ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने और आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करने की सलाह दी।

मंच संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. भूपेंद्र कुमार वर्मा ने किया, जिन्होंने मुख्य अतिथि कर्नल आलोक रंजन, निदेशक, एआरओ अलवर का परिचय देते हुए कैडेट्स को देश सेवा के लिए उत्साहित किया। इस महत्वपूर्ण सत्र में 3 राज आर्टिलरी बैटरी और 6 राज इंडिपेंडेंट कंपनी एनसीसी, भरतपुर के कैडेट्स और सैन्य स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लेफ्टिनेंट डॉ. भूपेंद्र कुमार वर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन ही सेना की नींव है और युवाओं को इसी संकल्प के साथ तैयारी करनी चाहिए। इस दौरान मेजर कोमल कात्याल, कैप्टन डॉ. पप्पू लाल मीणा, सी.टी.ओ. महेन्द्र प्रताप सिंह, सूबेदार सरवन सिंह और हवलदार मृत्युंजय कुमार ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सत्र के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर 'भारत माता की जय' के नारों से गुंजायमान रहा।

### सुधांशु अध्यक्ष बने

**श्रीमहावीरजी/करौली**, (निसं)। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी प्रबंधकारिणी कमेटी के संपन्न हुए चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चंद्रेश कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर स्थित भट्टारक जी की नसिया में आयोजित बैठक के दौरान प्रबंधकारिणी कमेटी के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुधांशु कासलीवाल को अध्यक्ष चुना। इसके साथ ही एडवोकेट पूनमचंद्र शाह और चंद्रप्रकाश पहाड़िया को उपाध्यक्ष, उमरावमल संगी को मानद मंत्री, अनिल दीवान और रुपिन काला को संयुक्त मंत्री तथा एडवोकेट हेमंत सोगानी को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप श्रीमहावीरजी के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन, प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन सहित जैन समाज के अनेक लोगों ने हर्ष जताया।

## महिलाओं ने ठंडे पकवानों का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की

■ शीतला अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। अलसुबह से ही महिलाएं ठंडे पकवानों का भोग लगाने और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करने पहुंचीं। बुधवार को शीतला अष्टमी पर महिलाएं सुबह जल्दी स्नान कर रंग-बिरंगे परिधानों में मंदिरों की ओर निकलीं। शहर के ट्रक यूनियन स्थित और गणेश मिल स्थित शीतला माता मंदिरों में विशेष भीड़ रही।

मंगलवार रात को तैयार किए गए पकवानों को थाल में सजाकर महिलाएं मंगल गीत गाती हुई माता के दरबार में पहुंचीं। शीतला माता मंदिर में सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। महिलाओं ने माता को बास्योड़ा का भोग लगाकर घर-परिवार में खुशहाली की कामना की। मंदिरों में लंबी कतारें देखी गईं, जिससे मेले जैसा माहौल बन गया था। महिलाओं को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ा। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने लोटे में जल लाकर अपने घरों पर छिड़का, जिसे मंगल कामना का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान कई महिलाओं ने मंदिर के बाहर बैठकर बुजुर्ग महिलाओं से माता की कहानियां भी सुनीं। उन्होंने ओल्या, राबड़ी, मालपुए और पापड़ी जैसे ठंडे पकवानों का भोग लगाकर प्रसादी ग्रहण की।

ट्रक यूनियन स्थित शीतला माता मंदिर पर मेले का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर और सभापति शिवरतन अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने झंडे का पूजन किया। उन्होंने माता को चुनरी ओढ़ाई और ध्वज चढ़ाया। मेले में सुरेश भगत के नेतृत्व में पंचकोली समाज और मिर्जापुर से आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा ध्वज एवं माता की चुनरी रस्म का भी आयोजन किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया सहित शीतला माता मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे सभी अधिकारियों और अतिथियों का माला साफा बनाकर अभिनंदन किया गया। शीतला माता मंदिर कमेटी के पदाधिकारी हरगोविंद कटारिया ने बताया कि मंदिर मार्ग में रोशनी की माकूल व्यवस्था की गई है व श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण करने के लिए प्रशासन द्वारा महिला पुलिसकर्मी लगाई गई है।

## 'हिन्दी सांस्कृतिक पहचान व राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी'

■ भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का हुआ आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना तथा प्रशासनिक एवं वैज्ञानिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्थान के निदेशक डॉ. विजय वीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक संवाद और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति में उसकी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और हिंदी भारत की विविधताओं को जोड़ने वाली एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक, प्रशासनिक और तकनीकी क्षेत्रों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, ताकि ज्ञान और तकनीक का प्रसार समाज के सभी वर्गों तक सरलता से पहुँच सके। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, प्रोफेसर (हिंदी), एम.एस.जे. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर ने आज के दौर में हिंदी की प्रासंगिकता विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हिंदी राजभाषा से आगे बढ़कर राष्ट्रभाषा के रूप में व्यापक स्वीकृति प्राप्त करेगी।

हिंदी के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि हिंदी का विकास खड़ी बोली से प्रारंभ होकर प्राकृत एवं अपभ्रंश की परंपरा, भक्ति कालीन साहित्य औररामचरितमानसकी भाषा से होते हुए आज के आधुनिक स्वरूप तक पहुँचा है। उन्होंने हिंदी की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और वर्तमान समय में इसकी बढ़ती वैश्विक स्वीकृति पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. उम्मेद सिंह, अनुसंधान निदेशक, श्रीकर्ण नरेंद्रकृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर उपस्थित रहे।

### तहसील अध्यक्ष बबलू का स्वागत

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। जाटव समाज के तहसील अध्यक्ष बबलू ठेकेदार के स्वागत में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बबलू जाटव ने शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को अग्रसर करने के लिए अपने खर्चे से लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा की। स्थानीय लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया और उनके कार्यों की सराहना की। लोगों ने कहा कि सिकरौदा गांव से समाजसेवी बबलू ठेकेदार को अध्यक्ष बनाया जाना पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर नेमीचंद तेसगाव, धर्मसिंह बनकी और समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने बबलू ठेकेदार को बधाई दी और उनके नेतृत्व में समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

### रेशम देवी शर्मा का सम्मान

**भरतपुर**, (निसं)। अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा गली नबाव साहब में 96 वर्षीय रेशम देवी शर्मा का चंदन का तिलक लगाकर माला, शॉल, दुपट्टा, तुलसी माला, ड्राई फ्रूटस देकर सम्मान कर आर्शीवाद लिया। साथ ही इस अवसर पर ओ.पी आजाद, आर.पी. शर्मा, ओ.एस. संधु, लक्ष्मी नारायन ने बताया कि संस्था 90 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को तलाश कर सम्मानित करती है तथा उनसे अपने जीवन यापन की बात सुनकर उनके अनुभवों का लाभ लेते हैं।

## शॉर्ट सर्किट से छप्परपोश मकान में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख

**सूरौठ**, (निसं)। तहसील के बंजारों के नंगला में मंगलवार दोपहर को शॉर्ट सर्किट के कारण एक छप्परपोश मकान में आग लगने से घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय घर के सदस्य बच्चों की तबीयत खराब होने के कारण डॉक्टर को दिखाने गए हुए थे, जिससे घर पर कोई मौजूद नहीं था।

पूर्व पार्षद दशरथ सिंह बंजारा ने बताया कि दोपहर करीब 3:30 बजे अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लग गई, पास में रहने वाले एक पड़ोसी ने आग लगने की सूचना देते हुए शोर मचाया, जिसके बाद ठाामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मिलकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि पास के दो अन्य मकान आग की चपेट में आने से बच गए।

घटना के दौरान घर के अंदर रखा एक गैस सिलेंडर भी मौजूद था, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी। आग लगने से एक पंखा, दो चारपाइयां, एक गैस चूल्हा, करीब 20 छोटे-बड़े बर्तन, दो पानी के कलश, 10 किलो आटा, लगभग 2 कुंतल अनाज तथा ओढ़ने-बिछाने के बिस्तर जलकर नष्ट हो गए। आग बुझाने में रणजीत बंजारा, मनोज, उल्फत, हरकेश, रमेश, पप्पू, अमृत, हुलासी, आकाश, राधे सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने सहयोग किया और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# कैलादेवी का लख्खी मेला16 मार्च से

■ मंदिर ट्रस्ट के विशेष अधिकारी किशन पाल सिंह ने कहा कि दर्शनार्थियों की सुविधाओं के लिए ट्रस्ट पूर्ण रूप से कटिबद्ध है

**कैलादेवी/करौली**, (निसं)। उत्तरी भारत के सुप्रसिद्ध कैलादेवी जी का चैत्र नवरात्रा मेला 16 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक चलेगा जिसके लिए कैला देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है और कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट यात्रियों की सुविधाओं के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध है।

जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थली श्री केला देवी जी का आगामी 16 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक चलने वाले चैत्र नवरात्रा मेले की तैयारी को लेकर बुधवार को कैला देवी मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रा मेले में लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को केला माता के दर्शन सुगमता से करवाने के लिए कटिबद्ध है जिसके लिए पूर्ण तैयारी कर ली गई है जिसकी जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के विशेष अधिकारी किशन पाल सिंह ने मेले की तैयारी को लेकर विस्तार से अवगत कराया की इस वर्ष सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल के मार्गदर्शन में दर्शनार्थी यो की सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है उन्होंने बताया कि दर्शनार्थियों की सुविधाओं के लिए ट्रस्ट पूर्ण रूप से कटिबद्ध है उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की दर्शन व्यवस्था के लिए प्रकाश पानी एवं हवा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि रेलिंग में 12 आपातकालीन गेट बनाए गए हैं प्रत्येक गैस पर एक-एक सुरक्षा कर्मी सदैव तैनात इस तट पर रहेगा ताकि किसी भी दर्शनार्थियों को स्वास्थ्य खराब होने पर उसे अभिलंब बाहर निकाला जा सके जिस किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हो सके उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को दर्शन करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिनके लिए 11 व्हीलचेयर एवं पांच ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है इसके अलावा मंदिर परिसर में प्रमुख स्थानों पर दर्शनार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु मंदिर ट्रस्ट द्वारा 25 जल मंदिर संचालित किए जाएंगे उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सिल्वर एवं आप प्लांट्स के माध्यम से भी स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की उत्तम व्यवस्था मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई है उन्होंने यह भी बताया कि इस बार पाव अवधि में 60 स्काउट एवं रोवर सुरक्षित रूप से मेला अवधि में अपनी सेवाएं प्रदान कर दर्शनार्थियों को दर्शन एवं मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने में मंदिर ट्रस्ट की सहायता करेंगे।

इसके अलावा उन्होंने सफाई व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि सफाई के लिए पर्याप्त सफाई कर्मियों की व्यवस्था की गई है शौचालय व्यवस्था के बारे में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा बस स्टैंड पर 160 शौचालय भट्टा चोराया से गौशाला मार्ग पर 70 शौचालय मंदिर परिसर में 80 शौचालय एवं डोमसेड में 20 मूत्रालय एवं 50 चल शौचालय संचालित किये जा रहे हैं इसी प्रकार उन्होंने घाटों की व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दर्शनार्थियों को स्नान करने हेतु काली से नदी घाटों पर जल लगवाए गए हैं एवं 12 गोताखोर वह दो नावो की व्यवस्था की गई है इसके अलावा उन्होंने दर्शनार्थियों की सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा के लिए पूरी व्यवस्था की गई है एवं 24 घंटे एंबुलेंस शब्दावली उपलब्ध रहेगी दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा ऑन की व्यवस्था की गई है एवं मेला क्षेत्र में आगजनी की अनहोनी से बचने के लिए अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की गई है इसके अलावा उन्होंने नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था के बारे में और निशुल्क भंडारो की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा मेला शुरुआत के चार दिन पूर्व यानी 12 मार्च 2026 से शुरू होने की बात कही इस मौके पर कंट्रोल रूम प्रभारी विधि सलाहकार एडवोकेट संतोष सिंह जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट के सोल ट्रस्ट ए कृष्ण चंद्र पाल के मार्गदर्शन में इस बार दर्शनार्थियों को मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्शन पेयजल शौचालय सफाई आदि की पूर्ण व्यवस्था कर ली गई है

मंदिर ट्रस्ट के अधिकारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में दर्शनार्थियों के लिए और विशेष सुविधाओं का ध्यान रखा गया है उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में कैला देवी मंदिर ट्रस्ट पर क्षेत्र में जितने भी गेट लगे हुए हैं उन पर लगे तालों की एक मास्टर चाबी है जिससे आपात स्थिति में सभी को एक चाबी से खोला जा सके

## सार-समाचार

### संत कांजीराम साहिब की बरसी पर मेला

**गंगापुर सिटी**, (निसं)।संत कांजीराम साहिब की 51वीं वरसी के अवसर पर बुधवार को सिंधी कॉलोनी स्थित दरबार साहिब हथंगे वालों में एक मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए और शाम को सिंधी समाज की ओर से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सिंधी समाज के अध्यक्ष जगदीश हेमनानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह झंडारोहण के साथ हुई। इसके बाद दोपहर 12 बजे मुंडन संस्कार और दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्गों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। शाम करीब 6 बजे संतों का जुलूस सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ हुआ। यह जुलूस संतोषी माता मंदिर मालगोदाम रोड, नेहरू पार्क, देवी स्टोर चौराहा, चौपड़ बाजार, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज, जामा मस्जिद मार्ग, फव्वारा चौक और कचहरी रोड होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचा। जुलूस में सिंधी समाज के महिला-पुरुष रंग-बिरंगी पारंपरिक पोशाकों में शामिल हुए और भजनों पर डांडिया करते हुए चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जुलूस का भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाज अध्यक्ष गंगाराम वासवानी और ललित चंदानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। शाम 7 बजे संतों की संध्या आरती हुई, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद रात 8 बजे से पुन: भंडारा आयोजित किया गया। रात 9 बजे से सत्संग और भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न भजन मंडलियों ने भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालुओं ने पूरी रात भक्ति संगीत और सत्संग का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन 12 मार्च की सुबह 5 बजे पल्लव अरदास के साथ किया जाएगा। इसके बाद संतों के आशीर्वाद के साथ वरसी उत्सव का विधिवत समापन होगा। सिंधी समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संत कांजीराम साहिब की वरसी को लेकर समाज में विशेष उत्साह है।

### 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पीलौदा थाना पुलिस ने साइबर अपराध के एक मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह को किराए पर बैंक खाते उपलब्ध कराता था। यह कार्रवाई साइबर सेल की सूचना पर की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमंत कुमार पुत्र रमनलाल मीना निवासी मोहचा, थाना पीलौदा के रूप में हुई है। वह म्यूल अकाउंट से जुड़े एक प्रकरण के बाद से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए जिले की साइबर सेल सक्रिय है। साइबर सेल में तैनात कांस्टेबल राजकुमार सिंह को तकनीकी आधार और मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि आरोपी करौली जिले के श्रीमहावीरजी क्षेत्र में छिपा हुआ है। इस सूचना पर पीलौदा थानाधिकारी महेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक टीम श्रीमहावीरजी भेजी गई। पुलिस टीम ने लगातार प्रयासों के बाद आरोपी हेमंत कुमार को श्रीमहावीरजी से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी महेंद्र चौधरी, साइबर सेल के कांस्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल करतार और कांस्टेबल मनकेश शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अपने बैंक खाते को किराए पर न दे और न ही किसी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर खाते का उपयोग करने की अनुमति दे। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों पर गृह मंत्रालय भारत सरकार और पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### हत्या के प्रयास के 6 इनामी आरोपी दबोचे

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। "ऑपरेशन शिकंजा" अभियान के तहत बाटोदा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 6 इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों पर दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई सवाई माधोपुर एसपी अनिल बेनीवाल के निर्देश पर एएसपी बौंली नीलकमल मीना और डीएसपी बामनवास सीताराम मीना के सुपरविजन में की गई। थानाधिकारी जगदीश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम लंबे समय से फरार चल रहे इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार, सांचोली निवासी लेखराज मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 अगस्त 2025 की शाम करीब 7रू30 बजे उनके ढाबे पर सफेद बोलेरो में सवार 7-8 लोग पहुंचे। कहासुनी के बाद आरोपियों ने उनसे हफ्ता वसूली की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने किरोड़ी के सिर पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया। उन्होंने लेखराज के पैरों पर सरियों से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी लेखराज की जेब से 25 हजार रुपए और गल्ले से करीब 3500 रुपए निकालकर फरार हो गए थे। इस पर मामला दर्ज किया गया था। साइबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कोटा रोड स्थित कुस्तला के एक ढाबे पर दबिश दी। वहां से चम्पाराम उर्फ सीपी, दीपक उर्फ दीपू, बलराम उर्फ बल्या, रवि, मोहन सिंह उर्फ मोनू और कमलेश उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल से गंदगी

**करौली**, (निसं)। नगर परिषद के संवेदक सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगने से शहर का वातावरण दूषित हो रहा है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन की ओर से अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आमजन में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि संवेदक कर्मचारियों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण वे हड़ताल पर चले गए हैं। यह स्थिति पहली बार नहीं है, बल्कि मानदेय नहीं मिलने के कारण समय-समय पर संवेदक कर्मचारी हड़ताल पर चले जाते हैं। शहर में इन दिनों कैलादेवी मेले की तैयारियां चल रही हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन इसके बावजूद शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। कोतवाली के पास कचरे के ढेर जमा होने से वहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे श्री मदनमोहनजी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार हिंडौन दरवाजा मार्ग पर गंदी नालियों का पानी दिनभर सड़क पर बहता रहता है, जिससे राहगीरों को काफी कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर परिषद और जिला प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सूत्रों के अनुसार सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण नगर परिषद प्रशासन और कुछ पार्षद प्रतिनिधि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों से सफाई करवाने का दबाव बना रहे हैं, जिससे अग्निशमन कर्मियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

### कृषि अनुसंधान उपकेंद्र का किया निरीक्षण

**भरतपुर**, (निसं)। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के निदेशक अनुसंधान डॉ. उम्मेद सिंह ने बुधवार को कृषि अनुसंधान उपकेंद्र कुम्हेर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपकेंद्र में संचालित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों का जायजा लिया। कृषि अनुसंधान उपकेंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रामफूल पूनिया ने निदेशक अनुसंधान को केंद्र पर चल रहे गेहूं, सरसों, चना, मसूर तथा जौ आदि फसलों के प्रजनन व स्वदेशी बीज उत्पादन कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही गेहूं, जौ, सरसों व चना पर किए जा रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों तथा नवीन किस्मों के विकास से अवगत कराया। निदेशक अनुसंधान डॉ. उम्मेद सिंह ने केंद्र पर उत्पादित किए जा रहे उन्नत किस्मों के बीजों की गुणवत्ता बनाए रखने और क्षेत्र के किसानों तक उन्नत तकनीक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों को निरंतर अनुसंधान कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोलर पंप सेट लगाने तथा जल संरक्षण के लिए पौधों का विस्तार करने की भी बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपनिदेशक रामनारायण गुप्ता, नरेंद्र चौधरी, आरकेडीवीसी के अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्राओं को साइकिलें वितरित की

**भुसावर**, (निसं)। भुसावर उपखंड के गांव हिंगोटा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइकिलों का वितरण किया गया। जहां विद्यालय की 10 बेटियां लाभांवित हुईं। प्रधानाचार्य रोशन लाल पहाड़िया ने बताया कि मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना के अन्तर्गत विद्यालय में साइकिलें वितरित की गई। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य ठाामीण क्षेत्रों में स्कूल की दूरी के कारण पढाई छोडने वाली छात्राओं को सहायता देना है और शिक्षा को बढ़ावा देना है। साइकिलें मिलने से छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही थी। इसका मुख्य उद्देश्य ठाामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की ड्रॉप आउट दर को कम करना और उन्हें उच्च शिक्षा तक पहुँचने में सहायता करना है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साइकिलें मिलने से बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों बेहतर हो रही है।